## सरकारी अस्पतालों में ऐसी दवाई की सप्लाई, मानकों के अनुसार नहीं ये मेडिसीन! - COUNTERFEIT MEDICINES




**पलामू:** जिला के सरकारी अस्पतालों में कम गुणवत्तापरक दवा सप्लाई करने की कोशिश की गई है. कंपनी ने पलामू स्वास्थ्य विभाग को 62 तरह की दवाएं उपलब्ध कराई थीं. जिला स्वास्थ्य विभाग ने दवाओं को जांच के लिए कोलकाता स्थित सेंट्रल लैब में भेजा था. जांच के बाद पलामू स्वास्थ्य विभाग को 20 दवाओं की रिपोर्ट मिल गई है. जिसमें से 18 दवाएं अच्छी गुणवत्ता की नहीं पाई गई हैं. जबकि 42 दवाओं की रिपोर्ट आनी बाकी है.

रिपोर्ट में दवाएं घटिया गुणवत्ता की पाए जाने के बाद पलामू स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए कंपनी को पत्र लिखकर दवाएं वापस लेने को कहा है. कई दवाएं दोबारा भेजी गई हैं, जिन्हें दोबारा जांच के लिए भेजा गया है. दरअसल टेंडर के जरिए कंपनी पलामू समेत इलाके के कई सरकारी अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध कराती है. पलामू में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी इलाके के सभी अस्पतालों में दवाएं सप्लाई करती है.

पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट में दवाएं घटिया गुणवत्ता की पाए जाने के बाद कंपनी को पत्र लिखकर दवाएं वापस लेने को कहा गया है. उन्होंने कहा कि कंपनी को गुणवत्तापूर्ण दवा आपूर्ति करने को कहा गया है. सिविल सर्जन ने कहा कि कंपनी द्वारा दोबारा आपूर्ति की गयी दवाओं को भी जांच के लिए भेजा गया है. उन्होंने कहा कि दवाएं अस्पतालों के स्टोर रूम में हैं, उन दवाओं को मरीजों को उपलब्ध नहीं कराया गया है.

सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को पत्र लिखा गया है. उन्होंने कहा कि आपूर्ति करने वाली कंपनी ने निजी लैब की जांच रिपोर्ट दिखाकर दवाओं को सही बताया है. पलामू में जिले के स्टोर रूम के साथ-साथ तरहसी स्वास्थ्य केंद्र से भी जांच के लिए सैंपल लिया गया था. बता दें कि फरवरी माह में दवा का सैंपल जांच के लिए कोलकाता भेजा गया था.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/fake-medicines-supply-in-government-hospital-of-palamu-jharkhand-news-jhs25051205034